# U.P.POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED

उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

CIN- U40101UP2004SGC028687

GST- 09AAACU8823E1Z9


office of the Executive Engineer,
Electricity Transmission Division,
132 KV Sub Station - Bholepur,
Bewar Road, FATEHGARH
Distt - Farrukhabad - 209602
E.mail: eeetdfatehgar@upptcl.org

UPPTCL

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड, फतेहगढ़
132 के0वी0 उपसंस्थान – भोलेपुर
बेवर रोड, फतेहगढ़
जनपद : फर्रुखाबाद–209602
मो0– 06874204706, फो0–05692–236100(का0),236063(नि0)


पत्रांक : 1508 –वि0पा0ख0(फ)/ई–निविदा–सूचना
दिनांक : 07-01-22

विषयः निविदा सूचना प्रकाशन हेतु।

The Indian Express – Kanpur

~~दैनिक पंजाब केसरी – फर्रुखाबाद~~

महोदय,

कृपया संलग्नक विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांकः 08.01.2022 शीघ्रतम अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 टाइप में तथा अंग्रेजी के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मेटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामिग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्त रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियॉं संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अनुसचिव(जनसम्पर्क) उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन लखनऊ को अधोहस्ताक्षरी को (जहॉं भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/ भुगतान सम्भव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी भाषा का विज्ञापन सामग्री अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दें अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें, अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे टाइप से (राष्ट्रहित में बिजली बचायें) का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रेषित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किए गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता हैं।

संलग्नः– विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।

(ए0के0 श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता

EXECUTIVE ENGINEER
Electy. Trans. Division, Fatehgarh
U.P. Power Transmission Corporation Ltd.
132 KV Sub- Station, Bholepur
Fatehgarh - 209602

पत्रांक : 1508 –वि0पा0ख0(फ)/ई–निविदा–सूचना दिनांक : 07-01-22

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अनुसचिव, जनसम्पर्क, उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल–द्वितीय पनकी, कानपुर।
3. उपखण्ड अधिकारी (फतेहगढ़/कन्नौज) को सम्बन्धित की तकनीकी विशिष्ठिकरण 03 दिन में प्रस्तुत करने हेतु।
4. कोषालिपिक, खण्ड कार्यालय/सम्बन्धित निविदा पत्रावली/कट फाइल।
5. नोटिस बोर्ड।

(ए0के0 श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता

EXECUTIVE ENGINEER
Electy. Trans. Division, Fatehgarh
U.P. Power Transmission Corporation Ltd.
132 KV Sub- Station, Bholepur
Fatehgarh - 209602

Scanned with CamScanner

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड–फतेहगढ (फर्रुखाबाद)
उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

**ई–निविदा सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा निम्नलिखित कार्य के संपादन हेतु अनुभवी, दक्ष एवं वस्तु एवं सेवाकर में पंजीकृत ठेकेदारों से **ई–निविदा** दिनांकः 19.01.2022 को मध्यान्ह 12:00 बजे आमन्त्रित की जाती है, जिनका प्रथम भाग अगले दिन 15:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। जिसका विस्तृत विवरण ई–टेन्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**क्र0सं0–1 निविदा संख्या–टी–18 वि0पा0ख0(फ)/2021–22, कार्य का विवरण**–विद्युत पारेषण खण्ड–फतेहगढ के अन्तर्गत 132के0वी0 उपकेन्द्र–नीबकरोरी का वार्षिक परिचालन व अनुरक्षण का कार्य। ई–निविदा की धरोहर धनराशि रू0 30000.00, निविदा मूल्य रू0 1770.00 बिकी कर सहित।

**क्र0सं0–2 निविदा संख्या–टी–19 वि0पा0ख0(फ)/2021–22, कार्य का विवरण**–विद्युत पारेषण खण्ड–फतेहगढ के अन्तर्गत 132के0वी0 उपकेन्द्र–तालग्राम का वार्षिक परिचालन व अनुरक्षण का कार्य। ई–निविदा की धरोहर धनराशि रू0 30000.00, निविदा मूल्य रू0 1770.00 बिकी कर सहित।

**क्र0सं0–3 निविदा संख्या–टी–20 वि0पा0ख0(फ)/2021–22, कार्य का विवरण**–विद्युत पारेषण खण्ड–फतेहगढ के अन्तर्गत 220के0वी0 उपकेन्द्र–छिबरामऊ का वार्षिक परिचालन व अनुरक्षण का कार्य। निविदा की धरोहर धनराशि रू0 34000.00, निविदा मूल्य रू0 2006.00 बिकी कर सहित।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड, फतेहगढ

**EXECUTIVE ENGINEER**
Electy. Trans. Division, Fatehgarh
U.P. Power Transmission Corporation Ltd.
132 KV Sub- Station, Bholepur
Fatehgarh - 209602

"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें"

Scanned with CamScanner